# अंबेडकर जयंती के उपलक्ष्य में संगोष्ठी आयोजित

## सांसद कुलस्ते थे कार्यक्रम के मुख्य अथिति

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** मंडला सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते के मुख्य आतिथ्य में स्थानीय प्रधानमंत्री कालेज ऑफ एक्सीलेंस के आडिटोरियम में संविधान निर्माता बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के उपलक्ष्य में संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी कार्यक्रम का प्रारंभ मां भारती की आरती कर एवं डॉ. भीमराव अंबेडकर, डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी, दीनदयाल उपाध्याय के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। संगोष्ठी में वंदे मातरम गीत गायन किया गया। वंदे मातरम गीत के उपरान्त पहलगाम आतंकवादी हमले में शहीद व्यक्तियों के लिए मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष शेषराव यादव ने अपने स्वागत भाषण देते हुए सभी अतिथियों एवं श्रोताओं का स्वागत किया। स्वागत भाषण के उपरान्त अनुसूचित जाति मोर्चा जिला अध्यक्ष श्रीमती ज्योति डेहरिया ने भारत रत्न डॉ. बाबा साहब अंबेडकर के जीवन पर प्रकाश डाला एवं उनके द्वारा देश के लिए किए गए उल्लेखनीय कार्यों को संक्षिप्त में बताया।





कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मंडला सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते ने संगोष्ठी को संबोधित करते हुए कहा कि बाबा साहब विद्वान व्यक्ति थे लेकिन कांग्रेस पार्टी बाबा साहब की बुद्धिमत्ता को कभी स्वीकार नहीं कर पाई और उनको राजनीति में आगे बढ़ने से रोकने के लिए कांग्रेस एवं जवाहरलाल नेहरू ने अनेकों कुप्रयास किये। उन्होंने कहा कि जवाहरलाल नेहरू ने बाबा साहब को चुनाव हराने के लिए कई हथकंडे अपनाए और बाबा साहब को लोकसभा चुनाव में पराजित करवा दिया, यहां तक की मरणोपरांत बाबा साहब की अंत्येष्टि के लिए तत्कालीन कांग्रेस सरकार और जवाहरलाल नेहरू ने दिल्ली में अंतिम संस्कार के लिए जमीन भी नहीं दी और उनका स्मारक बनाने के लिए न तो जमीन उपलब्ध कराई और ना ही स्मारक बनाने को मंजूरी दी।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेद्र मोदी के नेतृत्व में बाबा साहब को सम्मान देने के लिए उनसे जुड़े स्थानों को पंचतीर्थ के रूप में विकसित किया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने हमेशा बाबा साहब का अपमान तिरस्कार किया और भारतीय जनता पार्टी सम्मान दिलाने का काम किया। श्री कुलस्ते ने कहा कि कांग्रेस ने संविधान संशोधन केवल व्यक्तिगत लाभ के लिए किया किंतु भारतीय जनता पार्टी ने देश और समाज के लिए संविधान में संशोधन किया। उन्होंने कहा कि नेहरू सरकार में बाबा साहब कैसे राजनीतिक षड्यंत्र का का शिकार हुए, बाबा साहब यदि विद्वान ना होते तो कभी भी वे संविधान सभा के अध्यक्ष ना बन पाते। बाबा साहब के कारण ही आज अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति को आरक्षण मिल पाया है।

उन्होंने कहा कि पूर्व की कांग्रेस सरकार ने बाबा साहब का केवल तिरस्कार किया उनका अपमान किया, बाबा साहब को किसी ने यदि सम्मान दिया है तो केवल भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने दिया है। बाबा साहब के सामाजिक समरसता के विचार को आगे बढ़ाना भाजपा कार्यकर्ता का पहला कर्तव्य है। उन्होंने कहा कि भाजपा देश के संविधान को भारत की आत्मा मानती है, जबकि कांग्रेस पार्टी देश के संविधान को एक किताब मानते हैं। बाबा साहब ने दलितों और वंचितों के सम्मान के लिए काम किया और कांग्रेस ने हमेशा ही बाबा साहब का अपमान किया।

आयोजित संगोष्ठी में भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ एवं कनिष्ठ पदाधिकारियों सहित मातृ शक्तियां उपस्थित थी।

# ग्राम पंचायत हर्रई में दीवार लेखन से दिया जल बचाने का संदेश

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के आव्हान पर जिला कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह के निर्देशानुसार म.प्र.जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक अखिलेश जैन एवं विकासखंड समन्वयक संजीव भावरकर के कुशल मार्गदर्शन में एवं परामर्शदाता श्रीमती नमिता सिंह के नेतृत्व में विकासखंड परासिया के सेक्टर क्रमांक-5 की ग्राम पंचायत हर्रई में एमएसडब्ल्यू की छात्रा नीतू मस्तकार के द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत जल बचाने के लिए दीवार लेखन के माध्यम से लोगों को प्रेरित किया गया किया। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों को जल के महत्व को बताया और उसे किस तरह से संरक्षित किया जा सकता है के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। इस दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीण युवक, युवतियां उपस्थित थी जिन्होंने उनकी बातों पर गंभीरता से ध्यान दिया।

## आज विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होंगे सांसद

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** सांसद बंटी विवेक साहू 26 अप्रैल को जिले में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होंगे। सांसद श्री साहू दोपहर 1 बजे चौरई के ग्राम हथनी में बंटू चौहान के निवास स्थान पर प्रमुख नागरिकों एवं आमजनों से मुलाकात करेंगें। दोपहर 1:30 बजे ग्राम समसवाड़ा में मोहित साहू के निवास स्थान पर प्रमुख नागरिकों एवं आमजनों से मुलाकात करेंगें। दोपहर 2 बजे ग्राम सीताझिर में विजय साहू के निवास स्थान पर प्रमुख नागरिकों एवं आमजनों से मुलाकात करेंगें। दोपहर 2:30 बजे ग्राम औरिया में पूर्व मंडी अध्यक्ष गंगाराम उइके के निवास स्थान पर आयोजित श्रद्धांजलि कार्यक्रम में शामिल होंगे। दोपहर 3 बजे लोनी कलां के श्री राम जानकी मंदिर कनकधाम में आयोजित 251 कुण्डीय श्री सीताराम महायज्ञ में शामिल होंगे एवं रात्रि 8:30 बजे ग्राम मानकादेही खुर्द में स्कूल के पास आयोजित श्रीमद भागवत कथा के कार्यक्रम में शामिल होंगे।



सार समाचार

# अनुशासन बचपन से ही सिखाने की जरुरत : प्राचार्य





**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** पी एम श्री केंद्रीय विद्यालय क्रमांक 1 छिंदवाड़ा में बालवाटिका- तीन एवं दोनों पालियों की कक्षा पहली का विद्या प्रवेश उत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर प्राचार्य हरिप्रसाद धारकर ने कहा कि अनुशासन बचपन से ही सिखाया जाना चाहिए इस दौरान प्रधान पाठक एस.के. साहू, वरिष्ठ शिक्षक डी.आर. नागवंशी, सुरेखा डेविड, अमिता सक्सेना एवं अभिभावक और नन्हें मुन्ने बच्चों के द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर प्राथमिक विभाग के छात्र छात्राओं द्वारा सरस्वती वंदना एवं स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। सुरेखा डेविड ने स्वागत भाषण दिया।

केंद्रीय विद्यालय की विस्तृत जानकारी सोनू आशीष वर्मा, परीक्षा सम्बन्धित जानकारी मंजू कुशवाह, शुल्क भुगतान सम्बन्धित जानकारी विकास साहू, छात्र-छात्राओं द्वारा करने योग्य कार्य योगिता नागदेवे, एवं ना करने योग्य कार्य आकांक्षा गुप्ता द्वारा विस्तार से रखे गए। मंच पर ही बालवाटिका तीन एवं कक्षा पहली के कक्षा शिक्षकों एवं विषय शिक्षकों का परिचय करवाया गया। प्राचार्य हरि प्रसाद धारकर द्वारा नवप्रवेश विद्यार्थियों को आशीर्वाद प्रदान किया गया

उन्होंने बताया बच्चे देश का भविष्य है उन्हें सही दिशा एवं संस्कार देने में विद्यालय के साथ अभिभावको की भी महत्वपूर्ण भूमिका है। धारकर ने बच्चों के भविष्य निर्माण में मां की भूमिका का विशेष रूप से उल्लेख करते हुए थॉमस अल्वा एडीसन की प्रसिद्ध जीवन वृतांत सुनाया गया। उन्होंने अभिभावकों को अपने बच्चों को अच्छे संस्कार देने की आवश्यकता पर बाल दिया।

इस अवसर पर विद्यार्थियों को विद्या प्रवेश पुस्तिका, लेखन सामग्री एवं मिष्ठान का वितरण कर विद्यारंभ की शुरुआत की गई। सुशील कुमार साहू प्रधान पाठक द्वारा कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए प्रत्यक्ष एवं परोक्ष रूप से सभी की सहभागिता के लिए धन्यवाद ज्ञापन किया गया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में दोनों पालियों के समस्त शिक्षकों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। मंच संचालन सुश्री मनप्रीत एवं सुश्री स्वाति अविनाश द्वारा किया गया।

# काली पट्टी बांध कर किया आतंकवाद विरोध

**गाडरवारा, देशबन्धु।** जामा मस्जिद में शुक्रवार की नमाज के समय कमेटी ने व मुस्लिम समाज के लोगो ने पहलगाँव में हुए आतंकी हमले की घोर निंदा की एवं आतंकवादियों द्वारा कायरतापूर्ण 26 निर्दोष लोगो की हत्या की गई इस घटना पर दुख व्यक्त कर दिवंगत आत्माओ के प्रति श्रद्धांजलि दी गई। जुमे की नमाज पढ़ने पहुचे लोगो ने एवं जामा मस्जिद कमेटी ने काली पट्टी बांधकर आतंकवाद का विरोध किया। पेश इमाम हाफिज जुवेर आलम, जामा मस्जिद कमेटी अध्यक्ष अबरार खान, पूर्व अध्यक्ष मेहमूद पहलवान, आशिक हुसेन सहित कमेटी के पदाधिकारियो ने कहा कि हम सभी वतन परस्त लोग है। मुस्लिम समाज आतंकबाद का पुरजोर विरोध करती है भारत मे अमन चैन शांति कायम रहे इसके लिए दुआए करते है। जामा मस्जिद में काली पट्टी बांधकर नमाज पढ़कर सैकड़ों लोगो ने आतंकबाद का विरोध किया ओर शहीदो को श्रद्धांजलि अर्पित की।

# शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान छिन्दवाड़ा में आयोजित हुआ विधिक साक्षरता एवं जागरूकता कार्यक्रम

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** कल 25 अप्रैल 2025 मध्य प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के आदेशानुसार प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण छिंदवाड़ा सुशांत हुद्दार के निर्देशन में तथा सचिव राकेश सिंह एवं जिला विधिक सहायता अधिकारी विजय खोब्रागड़े द्वारा शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान छिंदवाड़ा में सालसा की मासिक कार्ययोजना अनुसार विधिक जागरूकता एवं साक्षरता एवं जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। शिविर में नालसा नशा पीड़ितों के लिए विधिक सहायता, एसिड अटैक, पीड़ित प्रतिकर योजना की जानकारी दी गई।

शिविर में संस्थान के प्राचार्य, प्रशिक्षकगण के अतिरिक्त सामाजिक कार्यकर्ता एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सदस्य श्यामल राव एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रही।



# फिर भाजपा सरकार का अत्याचार, झेलते जाओ मंहगाई की मार : कांग्रेस

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** म.प्र. के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ एवं जिले के पूर्व सांसद नकुलनाथ ने कभी भी जनता पर टैक्स का भार नहीं डाला। निगम में जब तक कांग्रेस की सरकार रही तब तक किसी प्रकार के टैक्स में बढ़ोत्तरी नेताद्वय ने नहीं होने दी, किन्तु जैसे ही भाजपा की सरकार आई उन्होंने सर्वप्रथम जनता पर कर का बोझ डाला, क्योंकि बात केन्द्र की हो या फिर राज्य की जब-जब भाजपा ने सत्ता संभाली तब-तब जनता को महंगाई का सामना करना पड़ा है।



भाजपा की सरकार में हर छोटी-बड़ी वस्तुओं के दाम आसमान पर है। जनता के टैक्स से चलने वाली जनसुविधाएं भी अब महंगी हो चुकी है, जिसका सीधा असर जनता की जेब पर ही पड़ रहा है किन्तु इससे भाजपा को कोई सरोकार नहीं है, क्योंकि उसे जनता की चिंता केवल और केवल चुनाव के समय होती है इसके बाद क्या समस्याएं हो रही, नागरिक क्यों परेशान है इससे कोई लेना देना नहीं होता है। इसीलिये जनता के हितों के खिलाफ जाकर भाजपा ने जलकर, सम्पत्ति कर व स्वच्छता कर सहित अन्य करों में मनमानी वृद्धि कर दी है जिसका असर तत्काल ही दिखाई देने लगा है, क्योंकि यह भाजपा की सरकार है जिसने केन्द्र से राज्य व निगम तक जनता पर महंगाई और सिर्फ महंगाई ही डाली है।

जनता पर डाले गए टैक्स के बोझ के विरोध में शहर कांग्रेस कमेटी एवं कांग्रेस पार्षद दल के द्वारा शहर के वार्ड क्रमांक 40 एवं वार्ड क्रमांक 45 नोनिया करबल में पहुंचे कांग्रेस के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने व्यापारिक प्रतिष्ठानों के साथ ही प्रत्येक घर-घर पहुंचकर व्यक्तिगत बढ़ाए गए कर के खिलाफ हस्ताक्षर लेकर जनसमर्थन जुटाया।

कांग्रेस के वक्ताओं ने आमजन का समर्थन जुटाते हुए बताया कि भाजपा रोजमर्रा की प्रत्येक वस्तुओं के दामों में वृद्धि कर जनता को लूट रही है। जब तक जनसमर्थ इसके खिलाफ आवाज नहीं उठाएगा तब तक भाजपा की मनमानी इसी तरह जारी रहेगी जिसकी खिलाफत नितांत आवश्यक है। आयोजित हस्ताक्षर अभियान में कांग्रेस के वरिष्ठ पदाधिकारीगण व कार्यकर्तागण सहित ब?ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे।

# भाजपा नगर युवा मोर्चा ने आतंकवाद और पाकिस्तान का पुतला फूंका



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** भाजपा नगर युवा मोर्चा ने जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आंतकवादी हमले का विरोध जताते हुए शुक्रवार को फव्वारा चौक में आतंकवाद और पाकिस्तान का पुतला दहन करते हुए नारे लगाये।

नगर युवा मोर्चा अध्यक्ष बिट्टू विवेक मंडराह, अनुज मल्होत्रा एवं रवि मालवी ने बताया कि पार्टी संगठन की सहमति से एवं सांसद बंटी विवेक साहू के निर्देशानुसार भाजपा नगर युवा मोर्चा ने जम्मू कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादियों द्वारा कायराना हरकत पर आक्रोश जताते हुए आतंकवाद और पाकिस्तान का पुतला दहन किया गया।

उन्होंने बताया कि पहलगाम में आतंकवादियों द्वारा धर्म पूछ कर निर्दोश लोगों की हत्या की गई। हमें मोदी सरकार पर पूरा भरोसा है और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी लगातार पाकिस्तान और आतंकियों के लिए कड़ा रुख अपना रहे हैं।

भारतवासी प्रधानमंत्री श्री मोदी के फैसले के साथ है। कार्यक्रम के दौरान पहलगाम में निर्दोष नागरिकों की हत्या पर भाजपा नगर युवा मोर्चा द्वारा 2 मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर बड़ी संख्या में पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# लोणारी कुनबी समाज ने किया सांसद का सम्मान

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** अखिल भारतीय क्षत्रिय लोणारी कुनबी समाज भोपाल के द्वारा भोपाल प्रवास पर गये सांसद बंटी विवेक साहू का सम्मान किया गया। इस दौरान समाज के पदाधिकारियों ने सांसद श्री साहू को शाल श्रीफल एवं मोमेन्टों भेंट किया।



भोपाल में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान अखिल भारतीय क्षत्रिय लोणारी कुनबी समाज भोपाल के पदाधिकारियों ने सांसद श्री साहू का सम्मान करते हुए छिन्दवाड़ा सहित प्रदेश भर में समाज के लोगों का सहयोग एवं समाज हितेशी कार्यो के लिए सहयोग की अपेक्षा की। इस दौरान सांसद श्री साहू ने सभी सामाजिक बंधुओं को आश्वासन दिया कि वे हर दम समाज के साथ खड़े है और हर संभव सहयोग के लिए तैयार है।

वहीं समाज के पदाधिकारियों द्वारा भोपाल सहित अन्य जिलों में उनके समाज द्वारा समाज के हित में किये जा रहे विकास कार्यो की जानकारी दी।

छोटे से निवेदन पर कार्यक्रम में पहुंचे सांसद श्री साहू का सभी पदाधिकारियों ने आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर अखिल भारतीय क्षत्रिय लोणारी कुनबी समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष विष्णु राणे, समाज के जिलाध्यक्ष एवं भाजपा मण्डल अध्यक्ष सुरेन्द्र धोटे, समाज के जिला चिकित्सा प्रकोष्ठ के अध्यक्ष डॉ. जी.आर. अल्डक सहित समाज के अन्य पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं अन्य आमजन उपस्थित थे।

# अमेरिका के न्यू जर्सी में होगा नाट्य गंगा के नाटक का मंचन

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** छिंदवाड़ा जिले की सबसे पुरानी सक्रिय नाट्य संस्था एवं एकमात्र रंगमंडल नाट्यगंगा रंगमंडल अपनी नाट्य प्रस्तुतियों के कारण पूरे देश में अलग पहचान रखता है। पर इस बार संस्था के कलाकार सचिन वर्मा ने देश की सीमाओं को पार करके विदेश की धरती पर अपनी कला का परचम लहराया है। आगामी 27 अप्रैल रविवार को न्यू जर्सी, यूनाइटेड स्टेट ऑफ अमेरिका में सचिन वर्मा के द्वारा अनुवादित और रूपांतरित नाटक वो फिर आएगी का मंचन किया जाएगा।

यह नाटक रशियन लेखक एंटोन चेखव की कहानी ए डिफेंस लेसक्रिएचर का हिन्दी रूपांतरण एवं अनुवाद है। जिसे सचिन वर्मा ने चुटीले संवाद और शानदार हास्य से रोचक बनाया है। यह हास्य नाटक अपने आपमें एक त्रासदी को भी समेटे हुए है जो नाटक के कई दृष्यों में उभरकर आता है।



सिर्फ तीन कलाकारों का यह हास्य नाटक एक ओर जहां दर्शकों को हंसा हंसाकर लोटपोट करता है तो दूसरी ओर कई प्रश्न उनके दिमाग में छोड़ जाता है। इस नाटक का मंचन न्यू जर्सी के सुप्रसिद्ध थियेटर ग्रुप ऑनेजारी के द्वारा एन्कोर थियेटर फेस्टिवल के द्वारा किया जा रहा है। जिसका निर्देशन विख्यात रंगकर्मी दीपक गुप्ता कर रहे हैं और इसमें दीपक गुप्ता, शीतल शर्मा और राजाराम जैसे अंतर्राष्ट्रीय ख्यातिलब्ध रंगकर्मी अभिनय कर रहे हैं।

विदित हो कि नाट्यगंगा के द्वारा 200 दिनमें 2000 नए रंगदर्शक बनाने के महा अभियान के अंतर्गत इस नाटक का मंचन नाट्य गंगा ने 31 स्थानों पर इस नाटक वो फिर आएगी का मंचन किया था। जिसमें सचिन वर्मा, दानिश अली, गुंजन मेटेकर, पूनम बचले, हर्ष डेहरिया आदि ने अभियन किया था। छिंदवाड़ा के सभी नाट्य प्रमियों ने नाट्य गंगा की इस उपलब्धि पर बधाई प्रेषित की है कि छोटे से शहर मध्यप्रदेश इंडिया के छिन्दवाड़ा के कलाकार अपना जौहर अमेरिका में दिखायेंगे।

# ग्रामीण विकास विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित

## दो जनपद सीईओ का एक माह का वेतन रोका



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में ग्रामीण विकास विभाग की मासिक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में सांसद, विधायक निधि से स्वीकृत निर्माण कार्यों, प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण), मनरेगा, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, स्वच्छ भारत मिशन सहित विभिन्न योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई।

बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अग्रिम कुमार, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी एवं ग्रामीण यांत्रिकी सेवाओं के कार्यपालन यंत्री, सभी जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, सहायक यंत्री, जिला पंचायत की विभिन्न शाखाओं के परियोजना अधिकारी एवं अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

कलेक्टर श्री सिंह ने 30 मार्च से प्रारंभ हुए जलगंगा संवर्धन अभियान की समीक्षा करते हुए कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए।

उन्होंने परासिया जनपद पंचायत के सी.ई.ओ. व एई के कार्य में लापरवाही बरतने पर एक महीने का वेतन रोकने के निर्देश दिए। वहीं मोहखेड़ और बिछुआ जनपदों के ए.पी.ओ. पर भी कड़ी कार्यवाही के निर्देश भी दिए।

उन्होंने स्पष्ट किया कि 30 जून तक विशेष रूप से जलसंवर्धन कार्यों पर फोकस किया जाए।

बैठक में कलेक्टर श्री सिंह ने सभी जनपद सी.ई.ओ. को निर्देशित किया कि एफ.आर.ए. के पट्टा धारकों के कपिल धारा कुएं के शत् प्रतिशत निर्माण कार्य पूर्ण किये जाएं ।

साइट विजिट को लेकर सख्त रुख. कलेक्टर श्री सिंह ने कहा कि 30 अप्रैल के बाद जिन अधिकारियों के कार्यस्थल भ्रमण कम पाए जाएंगे, उनसे शत-प्रतिशत पी.ओ.एल. की वसूली की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को नियमित विजिट करने और फील्ड गतिविधियों पर नजर रखने के निर्देश दिए।

बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने जून 2025 के पहले सप्ताह तक शेष आवासों के निर्माण कार्य पूर्ण करने पर जोर दिया। साथ ही आवास प्लस योजना के तहत बचे हुए लक्ष्यों को भी शीघ्र पूरा करने की हिदायत दी।

बिछुआ के ब्लॉक कॉर्डिनेटर को काम में लापरवाही पर नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने अधूरे प्रधानमंत्री आवासों पर नाराजगी जताई और तय समय-सीमा में कार्य पूर्ण करने के सख्त निर्देश दिए।

बैठक के अंत में प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना 2.0, वॉटरशेड विकास घटक, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा और 15वें वित्त आयोग के अंतर्गत स्वीकृत कार्यों की प्रगति पर भी चर्चा की गई।

कलेक्टर श्री सिंह ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे ग्रामीण विकास के कार्यों को तेजी से पूरा कराएं और गुणवत्ता व समय-सीमा का सख्ती से पालन सुनिश्चित कराएं।



## पक्षियों के पानी को बांधे गए जलपात्र

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** राष्ट्रीय बजरंग दल द्वारा शहर के विभिन्न स्थानों पर पक्षियों के पानी पीने के लिए जलपात्र स्थापित किए।

अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद प्रांत मंत्री शिव उसरेठे ने बताया कि गर्मी के दिन प्रारंभ होते ही पक्षियों को पीने के लिए पानी नहीं मिल पाता है जिससे उनकी मृत्यु हो जाती है इसलिए इन दिनों में पेड़ों में, घर की छतों में जलपात्र रखना चाहिए और उनमें प्रतिदिन जल भरना चाहिए।

इसी क्रम में राष्ट्रीय बजरंग दल के पदाधिकारियों ने शहर के कोतवाली, परशुराम वाटिका, प्रियदर्शनी पार्क, शिवाजी पार्क जैसे अन्य स्थानों पर जलपात्र पेड़ों पर बांधे और स्थानीय लोगों से इन जलपात्रों में प्रतिदिन पानी भरने हेतु निवेदन भी किया। इस दौरान अहिप जिला महामंत्री हरीश ठाकुर, जिला उपाध्यक्ष धर्मेंद्र राजपूत, राष्ट्रीय बजरंग दल जिला कार्यकारी अध्यक्ष आकाश ठाकुर, जिला उपाध्यक्ष गोलू वर्मा, जिला मंत्री करन रघुवंशी, नगर मंत्री निलेश गुप्ता, सिद्धू रघुवंशी, संजय ठाकुर, प्रवीण साहू इत्यादि उपस्थित थे।

### सार समाचार

## ग्राम रोहनाखुर्द, कुदवारी में किए गए जल संरक्षण के कार्य



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह के निर्देशानुसार कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड छिंदवाड़ा द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत जल स्त्रोत, नल कनेक्शन, जल वितरण वॉल का सुधार कार्य एवं पानी का अपव्यय की रोकथाम के लिये ग्राम रोहनाखुर्द व ग्राम कुदवारी में कार्य किया गया। इस दौरान विभागीय कर्मचारी व ग्रामीणजन उपस्थित थे।

## पांढुर्णा जिले में शाला संचालन के समय में परिवर्तन

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश शासन के स्कूल शिक्षा विभाग भोपाल के पत्र 03 जून 2024 के द्वारा जारी निर्देश के परिपालन में पांढुर्णा कलेक्टर अजय देव शर्मा द्वारा ग्रीष्म ऋतु के दौरान तापमान में वृध्दि होने के कारण विद्यार्थियों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव न पड़े इसके लिये पांढुर्णा जिले की सभी शासकीय, अशासकीय शिक्षण संस्थाओं में 30 अप्रैल 2025 तक शाला संचालन के समय परिवर्तन का आदेश जारी किया गया है। पांढुर्णा कलेक्टर श्री शर्मा सिंह ने बताया कि सभी शासकीय, अशासकीय, सी.बी.एस.ई., आई.सी.एस.टी., अनुदान प्राप्त शिक्षण संस्थाओं में अध्ययनरत कक्षा नर्सरी से कक्षा 12वीं के सभी शाला संचालन का समय प्रात: 7:30 बजे से दोपहर 12:30 बजे तक किया गया है। इस दौरान परीक्षाओं का संचालन पूर्व निर्धारित समय-सारणी के अनुसार रहेगा तथा मूल्यांकन कार्य अपने यथावत समय पर संपादित होंगे। यह आदेश तत्काल प्रभावशील हो गया है।

## वाटर सप्लाई फीडर के अंतर्गत संबंधित क्षेत्रों में बिजली बाधित रहेगी

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** म.प्र. पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी छिंदवाड़ा (शहर संभाग) के कार्यपालन अभियंता ने बताया कि छिंदवाड़ा शहर संभाग के अंतर्गत 33 के.व्ही., 11 के.व्ही. एल.टी. लाईन एवं विद्युत उपकरणों के मानसून पूर्व रख-रखाव कार्य के कारण 26 अप्रैल 2025 शनिवार को वॉटर सप्लाई फीडर के अंतर्गत संबंधित सभी क्षेत्रों की विद्युत सप्लाई प्रात: 9 बजे से दोपहर 01 बजे तक बाधित रहेगी। उन्होंने बताया कि 26 अप्रैल 2025 को छिंदवाड़ा शहर संभाग के अंतर्गत आने वाले वॉटर सप्लाई फीडर के तहत एस.ए.एफ.कॉलोनी, भरतादेव रोड, आनंद लॉन, छत्रपति शिवाजी स्कूल, शंकर होम, ओम स्टेट, डब्ल्यू.सी.एल. कॉलोनी व चंदनगांव आदि से संबंधित क्षेत्रों की विद्युत सप्लाई बाधित रहेगी। इस आवश्यक कार्य के दृष्टिगत आवश्यकतानुसार यह समयावधि बढ़ाई या घटाई जा सकती है। बिजली संबंधी शिकायतों के त्वरित निराकरण के लिये 1912 टोल फ्री नंबर डायल कर सकते हैं।

## सांसद ने सेन महराज की जयंती पर दीं हार्दिक शुभकामनाएं

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** सांसद बंटी विवेक साहू ने सेन समाज के आराध्य देव श्रद्धेय संत शिरोमणि श्री सेन जी महाराज की 720 वीं जयंती पर उन्हें सादर नमन करते हुये जिले के सेन समाज के समस्त सामाजिक बंधुओं को हार्दिक शुभकामनाएं व बधाई दी है। उन्होंने कहा कि मध्यकाल के संतों में सेन महाराज का नाम अग्रणी है, उन्होंने सदा पवित्रता और सात्विकता पर जोर दिया। सत्य, सद्भावना और अहिंसा से जुड़ा उनका संदेश लोगों का सदा मार्गदर्शन करता रहेगा।

## कांग्रेस एससी प्रकोष्ठ की जिला अध्यक्ष ने 80 वर्षीय विकलांग को दी व्हील चेयर

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** कल 25 अप्रैल 25, दिन शुक्रवार को केविन केयर अवार्ड राष्ट्रीय पुरूस्कार से सम्मानित दिव्यांग जनों की सेवा में समर्पित संस्था आधार फाउण्डेशन पोआमा छिंदवाड़ा के द्वारा बौद्धिक एवं विकासात्मक दिव्यांगजनों के लिये संचालित पुर्नवास एवं विकास द्वारा परासिया रोड छिंदवाड़ा में निवासरत शांति मिश्रा उम्र 80 वर्ष को जिला अध्यक्ष कांग्रेस एस.सी. प्रकोष्ठ एवं समाज सेविका संतोषी अनिल गजभिये द्वारा व्हील चेयर प्रदान की गई। शांति मिश्रा द्वारा आधार फाउण्डेशन एवं गजभिये का आभार माना एवं प्रसन्नता जाहिर की।



## लिंगा कालीरात आश्रम में नौ हजार से अधिक जरूरतमंद लोग भंडारे से लाभान्वित



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** संत श्री आसारामजी आश्रम लिंगा में प्रति माह आमवस्या के समय भण्डारे का आयोजन सम्पन्न होता हैं। इसी कड़ी में आज पूज्य बापूजी का छठी महोत्सव मनाया गया। छठी महोत्सव अवतरण दिवस के 6 दिन बाद आता हैं। इस दौरान साध्वी रेखा बहन का दिव्य सत्संग सम्पन्न हुआ।

साध्वी बहन ने बताया कि लगभग 4 वर्षों से यहाँ अमावस्या के आसपास भण्डारे और सत्संग का आयोजन होता हैं जिससे लिंगा ग्राम के आसपास के हजारों जरूरतमंदों को जरूरी सामग्री भेंट की जाती हैं। पूज्य बापूजी ऐसे पहले सन्त हैं जिनका अवतरण दिवस के साथ-साथ छठी महोत्सव मनाया जाता हैं। इस आश्रम से वर्ष भर कई अन्य सेवाएं भी संचालित होती हैं जिसमें अभी गर्मी के दिनों में पानी के प्याऊ, कीर्तन यात्रा, प्रतिमाह अमावस्या के समय भण्डार, दीपावली पर्व पर भण्डारे, ठंड में कम्बल, वस्त्र, बरसात में रेनकोट, छतरी भेंट किये जातें हैं। यहाँ की महिला समिति, युवा सेवा संघ और साधक भाई बहन सभी सेवाओं में बढ़ चढ़ के हिस्सा लेते हैं।

सनातन संस्कृति के रक्षक संस्था शहर में जो भी सेवाएं करतें हैं जिसमें ज्ञापन, रैली वगैरह होतें हैं उसमें लिंगा आश्रम की सेवाएं भी सम्मिलित रहती हैं। सारे पर्व और त्यौहार यहाँ मनाए जाने के साथ जिला जेल में प्रति माह सत्संग के साथ साथ देश भर के अन्य राज्यो में सत्संग आयोजन होते है जिसमे गुरु ज्ञान के अलावा सनातन संस्कृति का प्रचार-प्रसार होता है। यहाँ के सभी आयोजनों में जिले भर के सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि शिरकत करते है।

आज कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में जिला भाजपा अध्यक्ष एव पूर्व मंडी अध्यक्ष शेषराव यादव, अजय सक्सेना, दिवाकर सदारंग, हिन्दू उत्सव समिति के शन्टी बेदी, जनभागीदारी समिति भारत घई, सभापति बंटी उईके, जिला पंचायत सदस्य ललिता विलास घोंगे उपस्थित रहे जिन्होंने आश्रम परिसर में बने भव्य मंदिर का उद्घाटन कर जरूरतमंदों को राशन सामग्री भेंट कर प्रसन्नता जाहिर की। इस अवसर पर बड़ी संख्या में साधक साधिकाऐं उपसिथत थे।

## धूमधाम से मनाया सेन महाराज का जन्मोत्सव

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** कल 25 अप्रैल दिन शुक्रवार को सेन समाज छिंदवाड़ा द्वारा सेन जी महाराज की जन्मोत्सव (सेन जंयती) को धूमधाम से मनाया गया सेन समाज के लोगों ने सेन मंदिर प्रांगण (सेन भवन) में भारी संख्या में एकत्र होकर सेन जी महाराज की पूजा आराधना कर हवन पूजन की तत्पश्चात प्रसाद वितरण किया और एक दूसरे को शुभकामनाएं दी।



सेन समाज जिला अध्यक्ष सागर बंदेवार ने बताया कि संत शिरोमणि श्री सेन जी महाराज 725 वीं जयंती सेन समाज द्वारा मनाई गई। इस अवसर पर डॉक्टर आशीष सराठे ने सेन भवन और मंदिर के लिए रंगरोगन में जितना भी खर्च आएगा संपूर्ण खर्च उठाने की जवाबदारी ली और रंगरोगन कार्य पूर्ण कराने की बात कही। वरिष्ठ संरक्षक सेवक बन्देवार ने कहा कि समाज उत्थान में निरंतर कार्य चलते रहना चाहिए। पूजन मुख्य यजमान पूर्व अध्यक्ष और मंदिर निर्माण समिति अध्यक्ष सुरेंद्र सेन ने की। उन्होनें कहा कि सेन समाज के लोगों ने एकता का परिचय देते हुए पहलगाम करता पूर्ण हमले की कड़ी निंदा की और दोषियों को चुन चुन कर सबक सिखाने की बात कही। तत्पश्चात सेन समाज के लोगों ने हमले में शहीद हुए देशवासियों को भावभीनी श्रद्धांजलि दी।

इस अवसर पर मातृशक्ति हेमलता सराठे, सरोज बन्देवार, पुष्प लता सेन, संजना चौहान, रोशनी श्रीवास, दुर्गा बन्देवार एवं भाजपा मंडल अध्यक्ष माया बन्देवार, वरिष्ठ संरक्षक रमेश सेन, मुकेश सराठे, राधेश्याम सराठे, यशपाल सराठे, सेवक राम बन्देवार, डॉ. अशीष सराठे, डॉ. महेश बन्देवार, प्रदीप सराठे, सुरेन्द्र सेन, रामनरायण सराठे, राम उसरेठे, रवि सराठे, पवन बन्देवार, राजू बन्देवार, अमित सराठे, उमेश बन्देवार, सागर बन्देवार, रोहित श्रीवास, अनिकेत बन्देवार आदि सामाजिक बंधु उपस्थित थे ।

## महाप्रबंधक ने किया औद्योगिक क्षेत्रों का दौरा



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र छिंदवाड़ा के महाप्रबंधक आर.एस. उइके द्वारा कल 25 अप्रैल 2024, दिन शुक्रवार को जिले में स्थापित औद्योगिक क्षेत्र इमलीखेड़ा, अर्ध्दशहरी औद्योगिक संस्थान सुक्लूढाना एवं एग्रो कॉम्पलेक्स खजरी का निरीक्षण किया गया। जिसके अंतर्गत लघु उद्योग निगम बोर्ड भोपाल द्वारा किए जा रहे अधोसंरचना के विकास अंतर्गत सीमेंट कांक्रीट रोड एवं नाली निर्माण के कार्यों का अवलोकन किया गया एवं आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं।

## विश्व मलेरिया दिवस के उपलक्ष्य में कार्यशाला

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** प्रति वर्षानुसार इस वर्ष भी 25 अप्रैल 2025 को श्विश्व मलेरिया दिवस के रूप में मनाया गया। वर्ष 2025 में मलेरिया का अंत हमारे साथ पुनर्निवेश, पुनर्कल्पना, पुनर्जाग्रति विश्व मलेरिया दिवस की थीम रही।

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय एवं परिवार कल्याण विभाग नई दिल्ली द्वारा फरवरी 2016 में नेशनल फ्रेमवर्क फॉर मलेरिया एलिमिनेशन 2016-2030 जारी किया गया जिसमें भारत में मलेरिया एलिमिनेशन का लक्ष्य 2030 रखा गया है। जिले में विश्व मलेरिया दिवस पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एन.के. शास्त्री के मार्गदर्शन में मलेरिया जनजागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।

जिला मलेरिया अधिकारी श्री देवेंद्र भालेकर द्वारा कार्यशाला में पावर पॉईट प्रजेंटेशन के माध्यम से जिले में मलेरिया की एपिडमियोलॉजिकल सिचुएशन पर चर्चा, मलेरिया रोकथाम एवं नियंत्रण के लिए मलेरिया हाईरिस्क ग्रामों में नियमित मलेरिया जांच कराने एवं वैक्टर नियंत्रण के लिए कीटनाशक मच्छरदानियों के उपयोग को प्रेरित करने पर जोर दिया गया है।

